## खबर संक्षेप

### मझौली में श्रीमद भागवत कथा का अयोजन 10 मई से

**बड़वारा**। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मझौली(भुड़सा) में 10 से 17 मई तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भागवत श्रोता मनभरन प्रसाद प्यासी तथा तीरथ- श्रीमती राजेश्वरी बाई प्यासी के सौजन्य से किया जा रहा है। कथा का वाचन व्यास पीठ से स्वामी सीता राम शरण जू महाराज (लोढ़ा धाम) वाले के मुखारबिंद से किया जाएगा। कथा दोपहर तीन बजे से हरी इच्छा तक होगी। 10 मई कलश शोभा यात्रा महात्मा नारद भक्ति एवं धुंधकारी मोक्ष, 11 मई सृष्टि क्रम वर्णन विदुर चरित्र कपिल संवाद ,12 मई ध्रुव आख्यान भरत चरित्र प्रहलाद भक्त समुद्र मंथन, 13 मई गजेंद्र मोक्ष वामन अवतार श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव ,14 मई कृष्ण बाल लीला गोवर्धन पूजा, 15 मई रामलीला वर्णन कंस वध श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, 16 मई सुदामा चरित्र भागवत धर्मोपदेश परीक्षित मोक्ष कथा, 17 मई को पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भागवत कथा श्रोता मनभरन प्रसाद प्यासी एवम तीरथ श्रीमती राजेश्वरी बाई प्यासी ने सभी धर्म प्रेमियों श्रद्धालु जनों से एवम सभी क्षेत्रवासियों से कथा स्थल ग्राम भुडसा मझौली में पहुंचकर धर्म की बहने वाली गंगा में डुबकी लगाकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### गोदामो में भंडारित गेंहू का शीध्र मिलिंग कराने के निर्देश

**कटनी**। कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बैठक में उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान गेहूं की खरीदी कम होने के संबंध में मंडी सचिव कृषि उपज मंडी कटनी से चर्चा की जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गोदामों भण्डारण व्यवस्था के संबंध में महाप्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम से जानकारी लिये जाने पर बताया गया कि गोदामों में अभी पहले की धान ही भण्डारित है इसपर कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया कि गोदामों में भण्डारित धान की मिलिंग कार्य में तेजी लाई जाये। साथ ही मिलिंग कार्य में रूचि न लेने वाले मिलरों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश कलेक्टर ने महाप्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को दिए। साथ ही इस संबंध में मिलर्स की बैठक शीघ्र आयोजित करने करने हेतु निर्देशित किया गया।

### पेयजल संबंधी समस्या के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

**कटनी**। ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों के खराब होने और भू-जल स्तर में गिरावट से हुई पेयजल की समस्या के सतत निगरानी हेतु विगत दिवस जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या ना हो और खराब होने वाले हैण्डपम्प व नलजल योजनाओं के सुधार कार्य कर पानी की समस्या को दूर किये जाने के लिये विभाग द्वारा खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यदि पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो उपखण्ड कटनी के विकासखण्ड कटनी, रीठी में मयूरी गुप्ता, उपयंत्री के साथ ही सहायक यंत्री से सम्पर्क कर निराकरण कराया जा सकता है। जबकि उपखण्ड विजयराघवगढ़ में विकासखण्ड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ में सहायक यंत्री से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है। उपखण्ड स्लीमनाबाद के विकासखण्ड बहोरीबंद में अनिल चुमलके, उपयंत्री एवं विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में बद्री प्रसाद चक्रवर्ती, उपयंत्री साथ ही सहायक यंत्री से संपर्क कर शिकायत का निराकरण कराया जा सकता है कन्ट्रोल रूम 07622-225752 में सम्पर्क किया जा सकता है।

### तगड़ा मुनाफा कमाने के लिए नियम कायदों को दरकिनार कर मनमाने दामों में बिक्री

# शराब कारोबार का कोई टाइम टेबिल नहीं आधी रात को भी शटर ठोंका तो मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सब्जी, दूध, दवाईयां सहित अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री के लिए भले ही समय सीमा निर्धारित की गई है लेकिन शराब बिक्री के लिए प्रशासनिक स्तर पर चौबीसों घंटे छूट दी गई है। इमरजेंसी में भी यदि आपको खाने पीने की सामग्री के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ जाये लेकिन शराब के मामले में यह बहुत आसान है। किसी भी शराब दुकान के बंद हो जाने पर भी शटर खटखटाने पर आपको शराब उपलब्ध हो जाएगी। शासन द्वारा लायसेंसी शराब दुकानों को खोलने व बंद करने की समय सीमा निर्धारित की गई हो लेकिन जिले में इसके कोई मायने नहीं है।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी तगड़ा मुनाफा कमाने के लिए लायसेंसी शराब दुकानों से खेप गांव गांव पहुंचाई जा रही है। स्थानीय पुलिस से सेटिंग कर शराब दुकान संचालक बेरोकटोक होकर शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं। शासन स्तर पर शराब दुकान खुलने समय एवं बंद होने का समय निर्धारित किया गया है। लेकिन शराब दुकान बंद होने के बाद झरोखों के माध्यम से





भी शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। गांव-गांव में भी खुलेआम शराब की बिक्री होने के चलते पीने वालों को आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है परंतु इस मामले में पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी विभाग का किसी भी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है और यह कार्य खुलेआम पूरी तरह से मनमानी से चल रहा है।

अंग्रेजी और देशी की बिक्री का नियम जब से एक दुकान पर हो गया तो यही क्रम ग्रामीण क्षेत्रों में भी आसानी से हो गया है। अब गांव-गांव में देशी और अंग्रेजी शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। जिसका नतीजा यह हो रहा है कि जिले में नशेड़ियों की तादाद दिनों दिन बढ़ रही है। आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण परिवार तो उजड़ ही रहे हैं, वहीं क्राइम ग्राफ के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

शराब की बिक्री खुले आम की जा रही है लेकिन आबकारी और पुलिस विभाग को मानो कोई सरोकार ही नहीं है। सूत्रों की माने से सेटिंग के चलते ही शराब कारोबारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। कुल मिलाकर प्रशासन, पुलिस व आबकारी विभाग शराब ठेकेदारों की मनमानी पर किसी तरह की लगाम लगाने में बेबस नजर आ रहे हैं।



# अब तक 36 हजार 159 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले की सभी आठों तहसीलों में स्थापित कुल 85 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से गुरूवार दो मई तक कुल 36 हजार 159 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

### किसानों के लिए बैठक व पेयजल की करें व्यवस्था

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी गई उपज का अविलंब परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होनें उपार्जन केंद्रों में आवक रजिस्टर संधारित करने के साथ ही उपार्जन केंद्रों के लिये जारी नीति-निर्देशों के तहत केंद्रों में छन्ना, पंखा, मॉइश्चर मीटर, परखी, तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिये छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करानें के अधिकारियों को निर्देश दिए है।

### तहसील बहोरीबंद उपार्जन में अव्वल

जिले की तहसीलों में जारी उपार्जन कार्य में गुरूवार की स्थिति में तहसील बहोरीबंद सबसे आगे है।

### 8 तहसीलों में गेहूं उपार्जन के लिए बनाये गए हैं 85 केन्द्र

तहसील बहोरीबंद में अब तक कुल 1999 किसानों से 13 हजार 005 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन कार्य किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तसील ढीमरखेड़ा में 2215 किसानों से 12 हजार 935 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन कार्य किया जा चुका है तथा तीसरे पर तहसील स्लीमनाबाद है यहां पर 511 किसानों से अब तक कुल 3 हजार 648 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जा चुका है।

इसी प्रकार चौथे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा 233 किसानों से 1 हजार 899 मैट्रिक टन, पांचवे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 322 किसानों से 1 हजार 854 मैट्रिक टन, छठवे नंबर पर तहसील कटनी द्वारा 168 किसानों से 1हजार 257 मैट्रिक टन, सातवे नंबर पर बरही तहसील द्वारा 212 किसानों से 1 हजार 192 मैट्रिक टन के साथ ही बड़वारा तहसील द्वारा अब तक कुल 68 किसानों से 367 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जा चुका है।

### किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने दिये निर्देश

# कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र नन्हवारा सेझा और बड़वारा का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष हेतु जिले भर के चिन्हित उपार्जन केन्द्रों में गेंहूं उपार्जन का कार्य जारी है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गुरूवार को विकासखण्ड बड़वारा के गेंहूं उपार्जन केन्द्र बड़वारा और नन्हवारा सेझा में किये जा रहे गेहूं खरीदी कार्य और वहां की आवश्यक व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपस्थित अधिकारियों एवं केन्द्र प्रभारी से केंद्र में अब तक गेहूं का विक्रय करनें वाले किसानों की संख्या, भुगतान की स्थिति के साथ ही, स्लॉट की बुकिंग एवं गेहूं के परिवहन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र में मौजूद



किसानों से रू-ब-रू चर्चा करते हुए यहां उपलब्ध पेयजल, और छाया के इंतजामों आदि के संबध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को उपार्जन केन्द्र में अच्छी गुणवत्ता का गेंहू मिला।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उपार्जित गेंहू का त्वरित रूप से हैंडलिंग चालान जारी करना सुनिश्चित करें ताकि खरीदे गए गेंहू को गोदाम मे सुरक्षित रखा जा सके और किसानों को उनकी उपज का तत्काल भुगतान भी मिल सके।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन केंद्रों में आवक रजिस्टर संधारित करने के साथ ही उपार्जन केंद्रों के लिये जारी नीति-निर्देशों के तहत केंद्रों में छन्ना, पंखा, मॉइश्चर मीटर, परखी, तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिये छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करानें के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उपार्जन केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि निर्धारित मानक के अनुसार ही गेहूं उपार्जित करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि केवल किसानों की ही गेंहू की खरीदी हो।

निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ के.के.पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं कृषक मौजूद रहे।

## स्ट्रांग रूम व अन्य प्रबंधों का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने खजुराहो और शहडोल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली कटनी जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के कृषि उपज मंडी पहरुआ में बनाए गए स्ट्रांग रूम का गुरुवार की शाम निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य प्रबंधों का जायजा लिया। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होने के पश्चात पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट मशीनें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कृषि उपज मण्डी पहरूआ में विधानसभावार अलग-अलग बनाये गये स्ट्रांग रुम में रखी हुई हैं। स्ट्रांग रुम की चौबीसों घंटे केन्द्रीय सुरक्षा बलों एवं सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सख्त निगरानी की जा रही है। आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा स्ट्रांग रुमों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है।

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर काटे चालान, चालकों को समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना कार्यवाही की। खितौली पुलिस चौकी प्रभारी केके पटेल के नेतृत्व में अपने पुलिस स्टाफ के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हिदायत दी। साथ ही दस्तावेजों की जांच की गई। दोपहिया चालकों को हेलमेट लगाने की समझाइश दी गई। साथ ही कुछ वाहन चालकों के चालान काटे गए। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक वर्मा आरक्षक अंकित बड़गैया आरक्षक दिलीप



कोल रहे। चौकी प्रभारी ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों का रजिस्ट्रेशन, वाहन का बीमा और वाहन के प्रदूषण संबंधी दस्तावेजों को देखा जा रहा है। इसके अलावा दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने और बगैर हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाने पर भी कार्रवाई की गई है। यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

### महुआ लाहन एवं मदिरा विक्रय करने पर की गई कार्यवाही

# एक लाख 25 हजार रूपए की अवैध शराब जब्त, 7 प्रकरण किये पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन की प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के मद्देनजर जिले में मदिरा के अवैध तरीके से विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान के चलाकर निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

### यहां की गई कार्यवाही

जिला आबकारी अधिकारी आर.के बघेल ने बताया कि बुधवार को सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी के नेतृत्व मे आबकारी वृत्त बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा एवं कटनी क्रमांक 3 के ग्राम गनयारी, मतवारीहार, रैपुराहार,



भजिया, कोडो मोड एवं सलैया में अवैध शराब के निर्माण और सुग्रहण की सूचना पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान अलग अलग स्थानों से 1200 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 20 लीटर अवैध हाथ भट्ठी मदिरा सहित 34 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद किया गया। लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। दबिश की कार्यवाही के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल 07 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जप्त किये गए महुआ लाहन की अनुमामित मूल्य लगभग 1 लाख 25 हजार 500 रूपये है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

दबिश की कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, एस.डी.सिंह, केशव प्रसाद उईके, शिवमूरत नामदेव सहित,राजेश गौंटिया वीणा बम्हवंशी उपस्थित रहे। आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले मे मदिरा के अवैध संग्रहण एवं विक्रया करनें वालों पर इस प्रकार की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### 13 मई को कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष उपस्थित होकर पक्ष रखनें के निर्देश

# 135 फीसदी से अधिक फीस वृद्धि, निजी प्रकाशकों की किताबें बाध्य करने पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने नियमों के विपरीत निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि करने और पालक, अभिभावक व छात्रों को निजी प्रकाशकों की पुस्तकें क्रय करने हेतु बाध्य करने के मामलों की जांच कराकर निजी स्कूलों के शाला प्रबंधन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम और नियमों का उल्लंघन कर रिकार्ड 135.29 प्रतिशत की फीस वृद्धि करने और अन्य निजी प्रकाशकों की अनावश्यक और महंगी पुस्तके क्रय करने हेतु विद्यार्थियों और अभिभावकों को बाध्य कर आर्थिक क्षति पहुंचाने के लिए नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी के संचालक सह प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने के लिए शाला प्रबंधन पर क्यों न शास्ति अधिरोपित की जाये, इस संबंध में शाला प्रबंधन को पक्ष रखनें 13 मई का समय दिया गया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे आयोजित जिला समिति की बैठक में नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु गठित जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में कई विषयों पर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम और नियम तथा राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के जारी निर्देशों का उल्लंघन होना पाया गया।

### निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने किया बाध्य

विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित है। विद्यालय में कक्षा 1 से 5 की कक्षाओं में अन्य प्रकाशन की पुस्तकें चलाई जा रही हैं। कक्षा 6 से 8 की पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की किताबें एनसीईआरटी की हैं एवं अन्य गतिविधि की किताबें निजी प्रकाशकों की लागू हैं, जो कि म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों का घोर उल्लंघन है।

कक्षा 6 से 8 में एनसीईआरटी की किताबों की तुलना में निजी प्रकाशकों की किताबों का मूल्य अधिक है, जो छात्र हित में उचित नहीं है। शिकायत की जांच के पहले एनसीईआरटी की पुस्तकों से भिन्न पुस्तकें भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा चलाई जा रही थी। जांच के दौरान विद्यालय प्रबंधन के लिखित अभ्यावेदन अनुसार निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अब बंद कर दिये जाने की जानकारी दी गई। इससे स्पष्ट होता है कि शाला प्रबंधन द्वारा शासन के निर्धारित प्रावधानों के विपरीत जाकर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें क्रय करने हेतु विद्यार्थी, अभिभावकों को बाध्य कर महंगी किताबें क्रय कराने से उन्हें आर्थिक क्षति हुई।

### मनमानी फीस वृद्धि

नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी के शाला प्रबंधन द्वारा जांच दल के समक्ष प्रस्तुत कक्षावार और सत्रवार फीस वृद्धि का विवरण दिया गया। जिसके अनुसार नर्सरी, के.जी.1 से के.जी.2 में सत्र 2021-22 में 135.29 प्रतिशत, कक्षा 1 से 2 में सत्र 2021-22 में 15.15 प्रतिशत, सत्र 2023-24 में 17.40 प्रतिशत, कक्षा 3 से 5 में सत्र में 2021-22 में 15.15 प्रतिशत, सत्र 2023-24 में 16.11 प्रतिशत, कक्षा 6 से 8 में 2021-22 में 14.68 प्रतिशत, कक्षा 9 से 10 में 2021-22 में 15.5 प्रतिशत, सत्र 2022-23 में 10.61 प्रतिशत तथा कक्षा 11 से 12 में 2021-22 में 11.11 प्रतिशत तक की फीस वृद्धि करने पर कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति की अनुमति नहीं प्राप्त की गई।

### ये है नियम

मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम 2020 के नियमानुसार निजी विद्यालय द्वारा प्रस्तावित फीस संरचना में वृद्धि यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक किंतु 15 प्रतिशत या उससे कम है, तो कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति से अनुमोदन तथा यदि प्रस्तावित फीस संरचना में वृद्धि यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना में 15 प्रतिशत से अधिक है, तो जिला समिति के माध्यम से राज्य समिति से अनुमोदन कराने का प्रावधान है। जिसका पालन शाला प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया।

### क्यों न लगाया जाये जुर्माना

नियमों के उल्लंघन के लिए क्यों न, मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 व नियम 2020 के प्रावधानों के तहत शाला प्रबंधन के विरूद्ध शास्ति अधिरोपित की जावे? इस संबंध में शाला प्रबंधन को 13 मई 2024 को शाम 5.30 बजे कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की अध्यक्षता वाली जिला समिति के समक्ष उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है।

### होगी एकपक्षीय कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता वाली जिला समिति के समक्ष में उपस्थित होकर शाला प्रबंधन को 13 मई को अपना पक्ष रखना होगा, अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व शाला प्रबंधन का होगा।

## खबर संक्षेप

### राजसात की गई दो लाख अस्सी हजार की राशि

**कटनी।** दीनदयाल सिटी बस सर्विस लिमिटेड कंपनी नगर निगम कटनी द्वारा अमृत योजनांतर्गत लोक परिवहन के क्लस्टर क्रमांक बी और सी अंतर्गत कटनी से बरही, कटनी से बड़वारा, कटनी से बहोरीबंद बस,कटनी से निवार,जोहला से एनकेजे, मैन जंक्शन से पिपरोंध मार्गो पर सिटी बस संचालन के लिए संबंधित ठेकेदार मेसर्स नसीम ट्रांसपोर्ट कैमोर कटनी को एल.ओ.ए. जारी करने के उपरांत भी अनुबंध निष्पादन नही करने व उक्त रूटों पर नियत समय अवधि के उपरांत भी बस संचालन करने में किसी भी प्रकार की रुचि नही दिखाने के फलस्वरूप, कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में परिवहन कंपनी बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उक्त निविदा निरस्त कर संबंधित निविदाकार मेसर्स नसीम ट्रांसपोर्ट कैमोर कटनी की जमा धरोहर राशि दो लाख अस्सी हजार राजसात किए जाने की कार्यवाही की गई हैं।

### लापता बालक एवं बालिका को किया दस्तयाब

**कटनी।** करीब 6 दिन से लापता एक बालक को रीठी पुलिस ने सतना जिले के चित्रकूट से दस्तयाब किया। रीठी थाना प्रभारी ने बताया कि देवगांव निवासी एक बालक 24 अप्रैल की सुबह से लापता हो गया था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन मे अतिररिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कटनी उमराव सिह के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व मे टीम गठित की गई थी जिनके द्वारा गुम बालक की तलाश करने प्रयास शुरू किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये सायबर सेल की मदद से 30 अप्रैल को चित्रकूट जिला सतना से गुम नाबालिक बालक को दस्तयाब किया गया। इसी प्रकार थाना रीठी क्षेत्र के ग्राम कुदरी निवासी एक बालिका 27 मार्च को घर से दवाई लेने जाने हेतु कहकर निकली थी जो वापस नही लौटी, बालिका के लापता होने की रिपोर्ट बालिका की तलाश के दौरान 1 मई को बालिका को दस्याब किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा, सउनि. चूरामणी पाण्डेय, प्र.आर. लाल बहादुर, अजय मेहरा, भोलेशंकर हल्दकार, साइबर टीम कटनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**उमरियापान।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं के घोषित परीक्षा परिणामों में उमरियापान स्थित सरस्वती उमा विधालय के छात्र छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्राचार्य आरपी पटेल ने बताया कक्षा बारहवीं में विधालय के 25 छात्र- छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसमें गणित संकाय की बहिन कृष्णा गुप्ता ने सबसे अधिक 92 प्रतिशत अर्जित किए। कक्षा दसवीं में 16 छात्र छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इसमें छात्र शुभम लोधी ने सबसे अधिक 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। छात्र छात्राओं की सफलता पर अध्यक्ष डा. आरसी मिश्रा, व्यवस्थापक आरके दीक्षित, कोषाध्यक्ष विजय सोनी, प्राचार्य आरपी पटेल सहित विधालय परिवार ने हर्ष प्रकट करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर

**कटनी।** कुठला थाना की बिलहरी चौकी क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में पति की मौत हो गई तथा पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी अनुसार इमराज निवासी सुनील बर्मन अपनी पत्नी मालती बर्मन 26 के साथ बाइक में सवार होकर इमलाज से बिलहरी विवाह समारोह में जा रहे थे दोपहर 3:00 नहर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बंटी बर्मन नहर में जा गिरा और घटनास्थल पर पति की मौत हो गई पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे स्थानी लोगों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जिले के इतिहास में पहली बार हुई निजी स्कूल प्रबंधन के विरूद्ध सबसे बड़ी कार्यवाही

# डी.ए.व्ही कैल्डरीज पब्लिक स्कूल पर 2 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन, नियम एवं अधिनियम तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर डी.ए.व्ही कैल्डरीज कटनी के शाला प्रबंधन के विरूद्ध 2 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित किया है। डी.ए.व्ही कैल्डरीज पब्लिक स्कूल शाला प्रबंधन को यह राशि 15 दिवस के अंदर जमा किया जाना अनिवार्य किया गया है। कटनी जिले के इतिहास में किसी भी शाला प्रबंधन के विरूद्ध कलेक्टर द्वारा जुर्माना किये जाने की यह अब तक सबसे बड़ी कार्यवाही है।

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में आज बुधवार को आयोजित जिला समिति की बैठक में शाला प्रबंधन डी.ए.व्ही कैल्डरीज स्कूल के विरूद्ध कार्यवाही करने और उनके वरिष्ठ कार्यालय डी.ए.व्ही कॉलेज मैनेजिंग कमेटी को भी शाला प्रबंधन द्वारा पालकों पर अनावश्यक दवाब डालनें की सूचना के संबंध में जानकारी भेजने का निर्णय लिया गया। इसके पहले कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति ने डी.ए.व्ही शाला प्रबंधन की शिकायतों की जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी और जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर शाला प्रबंधन को बीते 30 अप्रैल को जिला समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना कथन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था। इस दिन शाला प्रबंधन द्वारा जिला समिति के समक्ष दिये गए कथनों को जिला समिति ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम एवं अधिनियम तथा शासन के निर्देशों का उल्लंघन और पालन करना नहीं पाया । इस पर शाला प्रबंधन के विरूद्ध 2 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है।

### मनमानी फीस वृद्धि

शाला प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत जवाब को जिला समिति ने असत्य मानते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रवेष शुल्क के नाम पर पांच हजार रूपये एवं प्रवेष फार्म के लिये एक हजार रूपये की मांग किये जाने के साक्ष्य के तौर पर पालकों से साफ्टवेयर अपडेट करने के नाम पर पुरानी रसीदें वापस मांगे जाने पर साक्ष्य के तौर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा पालकों को भेजे गये मोबाईल मैसेज की प्रति प्रस्तुत की गई है। पालकों का कहना है कि शाला प्रबंधन समिति में हम में से किसी भी पालक को सम्मिलित नहीं किया गया है। समिति की बैठक कब की जाती है, इसकी हमें कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है। विद्यालय द्वारा क्या निर्णय लिये गये उसमें हम पालकों से कोई सहमति नहीं ली जाती। विद्यालय द्वारा की गई फीस वृद्धि मनमानी है।

### निजी प्रकाशको की किताबें

विद्यालय में प्रचलित पुस्तकें एनसीईआरटी से भिन्न निजी प्रकाशकों की होती हैं, इनके स्कूल का खुद का पब्लिकेशन है उस पब्लिकेशन की किताबें हमें बेची जाती हैं, उनमें भी कुछ पुस्तकें डीएव्ही पब्लिकेषन एवं एनसीईआरटी से भिन्न प्राईवेट पब्लिकेशन की होती हैं। साक्ष्य के तौर पर धनपत राय पब्लिकेशन की गणित की किताब की छायाप्रति पालक द्वारा प्रस्तुत की गई। साथ ही मेरी पुत्री को क्लास में खड़ा करके फीस जमा करने एवं एडमिशन कराने कहा गया। जो स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश का उल्लंघन है।

### आर.टी.ई के छात्रों से प्रवेश शुल्क लेना

शाला प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत जवाब में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि कक्षा 8वीं में आर.टी.ई. के तहत कितने छात्र दर्ज हैं और कितने छात्रों को सीधे प्रवेष दिया गया है। इस संबंध में किसी प्रकार का प्रमाण जैसे कक्षा 9वीं की छात्र उपस्थिति पंजी जिसमें उस कक्षा के छात्र, छात्रा का नाम अंकित रहता है आदि प्रस्तुत नहीं की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जिनसे 5000 रूपये प्रवेश शुल्क एवं 1000 रूपये रजिस्ट्रेशन फीस दिये जाने हेतु कहा गया है, जोकि शिकायतकर्ताओं द्वारा अपने कथन में लेख कर साक्ष्य प्रस्तुत किये गये हैं। साथ ही शिकायतकर्ताओं द्वारा लेख किया गया कि उन्हें शिकायत वापस लेने हेतु शाला प्रबंधन द्वारा दबाव बनाया गया। समिति ने इसे आपत्तिजनक और नियम विरूद्ध माना है।

### शिकायत वापस लेने का दवाब

शिकायतकर्ताओं द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया कि डी.ए.व्ही. कैल्डरीज पब्लिक स्कूल कटनी द्वारा उनके विरूद्ध की गई शिकायत के संबंध में हमें शाला बुलाकर षिकायत वापस लेने हेतु दबाव बनाते हुये आवेदन पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराने हेतु दबाव बनाया गया है समिति द्वारा इसे भी संज्ञान में लिया गया।

### पोर्टल मे फीस अपलोड नहीं

डीएव्ही शाला प्रबंधन द्वारा मध्यप्रदेश शासन स्कूल षिक्षा विभाग द्वारा मध्य प्रदेष निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 एवं नियम 2020 के तहत शाला की सामान्य जानकारी तथा फीस संरचना पोर्टल में अपलोड करने के प्रावधान हैं, जिनका पालन शाला प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया।

जिला समिति की बैठक मे डी.ई.ओ पी.पीसिंह, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह और संहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी मौजूद रहे। समिति की बैठक में पालक, शिकायतकर्ताओं के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लिया गया।

### सायलेंसर से पटाखा आवाज बजाने वालों पर कार्यवाही

**कटनी।** थाना माधवनगर अंतर्गत कस्बे में बुलेट बाइक से पटाखे चलाकर आमजन को परेशान करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बाइक का मौके पर ही चालान काटा गया है। माधवनगर पुलिस थाना प्रभारी अनूप सिंह ने कस्बे में बुलेट बाईक के सायलेंसर बदल कर पटाखा बजाने जैसी तेज धमाका करने वाले सायरन बजाने पर पाबंदी लगा रखी है। इसका प्रयोग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ मौके पर ही कड़ी कार्रवाई की जाती है। वहीं गत शाम थाना प्रभारी अनूप सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त लगा रहे थे। उसी समय एक युवक ने बाइक से पटाखे चलाकर तेज दौड़ा दी। थाना प्रभारी की अगुवाई में टीम ने कुछ दूर पीछा कर पहले उसके कागजात की जांच की और उससे इस तरह मुख्य चौक पर आवारागर्दी करने पर जमकर लताड़ भी लगाई। थाना प्रभारी ने मौके पर ही बाइक चालक के खिलाफ वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना कार्यवाही की गई।

*समय पर उर्वरक एवं बीज उपलब्धता की ली जानकारी*

## कृषि उपज मंडी में किसानों के बीच पहुंचे कलेक्टर, सुविधाओं की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार की शाम कृषि उपज मंडी पहरूआ पहुंचकर यहां उपज बेचने आए किसानों से मुलाकात किया। कलेक्टर ने किसानों से मंडी में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि यहां मंडी में उन्हे फसल बेचने में किसी भी प्रकार की आढ़तियों और अन्य किसी मंडी कर्मचारी से किसी भी प्रकार की दिक्कत या शिकायत हो तो अवश्य बतायें। उन्होंने किसानों से कहा कि मंडी मे पेयजल और प्रसाधन आदि की समुचित व्यवस्था है इसपर किसानों ने सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होने की सहमति दी। कलेक्टर ने किसानों से खेती के लिए समय पर उर्वरक और बीज की उपलब्धता सहित फसल उत्पादन के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से पूछा कि इस साल उनके क्षेत्र में सबसे अच्छी फसल किस अनाज की हुई है। किसानों ने बताया कि गेहूं के अलावा चना और मसूर की भी फसल ठीक रही।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने किसानों से जानकारी ली कि वे कौन सी फसल लेकर यहां आए है। यहां गेहूं की फसल लेकर पहुंचे किसान से कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्र में क्यों नहीं ले गए। इस पर किसान द्वारा बताया गया कि यहां मंडी में मुझे उपार्जन केन्द्र से ज्यादा मूल्य मिल रहा है इसलिए मंडी में फसल लेकर आया हूँ। इस दौरान तहसीलदार कटनी शशिभूषण सिंह मौजूद रहे।



### सीएम राइज करेला में समर कैम्प का आयोजन



बरही तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज करेला में समर कैंप का आयोजन 1 से 13 मई तक किया जा रहा है ।इस कैंप में कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे ।तथा यह आयोजन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक होगा ।इसमें अलग-अलग पांच विधाओं में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें ड्राइंग एवं पेंटिंग स्पोकन इंग्लिश योग क्लासिकल संगीत एवं खेल शामिल हैं। इस समर कैंप में बच्चे बड़े उत्साह के साथ भाग लिए समर कैंप का शुभारंभ ग्राम पंचायत करेला के सरपंच अमर सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण शुक्ला द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ प्राचार्य द्वारा समर कैंप की रूपरेखा बताई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अमित कुमार सोनी श्रीमती ज्योति गर्ग उदय सिंह टेकाम राम नरेश द्विवेदी नोडल प्रभारी समर कैंप सुश्री सुरक्षा लांजेवर सुश्री सुनीता कावादेती एवम अलग-अलग विधाओं के विशेषज्ञ विनोद कुमार सकवार विशेषज्ञ ड्राइंग एवं पेंटिंग श्रीमती रंजना पांडे पुनीत मिश्रा अनिल दुबे संगीत विशेषज्ञ श्रीमती रश्मि सोनी राहुल हल्दकर, खेल प्रभारी अभिषेक मिश्रा योग एवं आनंद अहिरवार स्पोकन इंग्लिश प्रभारी प्रेमलाल उपस्थित रहे।

## जंगल में खराब हो गई बस, पुलिस ने यात्रियों को कराया भोजन, पिलाया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलासपुर से इलाहाबाद जा रही दर्शनार्थियों की एक बस बीती देर रात सरस्वती मोड़ के पास जंगल के अचानक बिगड़ गई। जंगल से लगे क्षेत्र में बस बिगड़ जाने के कारण यात्री परेशान रहे। घटना की सूचना जब जुहला यातायात बाईपास चौकी के कर्मचारियों को लगी तो वे यात्रियों की मदद के लिए तत्काल ही घटना स्थल पर पहुंच गए और यात्रियों को अपने साथ चौकी लाकर उन्हें पहले तो शीतल पेयजल और भोजन कराया उसके बाद उनकी हर संभव मदद की।

जानकारी देते हुए जुहला बाईपास यातायात चौकी प्रभारी एएसआई राजेश कोरी ने बताया कि सरस्वाही मोड़ के पास बिलासपुर से इलाहाबाद जा रही बस क्रमांक CG 10 AS 4483 रात को 3 बजे जंगल मे खराब होने के कारण खड़ी थी।



### यात्रियों ने दिया धन्यवाद

सुबह कुछ महिलाएं पानी के लिए यातायात चौकी पहुची तो एएसआई राजेश कोरी को उन्होंने बताया कि हमारी बस रात में 3 बजे खराब हो गई। सूचना मिलने पर यातायात हाइवे चौकी से राजेश कोरी अपने हमराह स्टाफ के साथ पहुंचे जहां उन्होंने देखा की सभी यात्री बच्चें, बूढ़े, महिलाएं गर्मी से परेशान हो रहे थे। यात्रियों को तुरन्त चौकी से ले जाकर पानी की व्यवस्था कराई गई एवं यात्रियों को चौकी के पीछे बने छात्रावास में रुकवा कर उनके लिए चाय पानी व खाने की व्यवस्था की गई। गाड़ी(बस) सुधार कार्य चल रहा है । बाहर के यात्रियों में पूरे पुलिस स्टाफ की बहुत प्रशंसा की व धन्यवाद दिया।

*श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सात दिवसीय आयोजन*

## श्रीमद्भागवत का श्रवण कर उसे अपने जीवन में करें आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सांई मंदिर के समीप सात दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी उपशाखा केंद्र चाका प्रभारी बीके सबिता बहन ने बताया कि गीता ज्ञान यज्ञ को करने का उद्देश्य है कि मनुष्य के जीवन में जो व्यथा है दुख है अशांति है वह कथा से दूर हो जाए और यह तभी संभव है जब हम श्रीमद् भगवत गीता को सुनने के बाद उसे अपने आचरण में लाएं । हम सभी के मन में यह भावना जागृत हो जाए कि हम सभी एक हैं और एक के हैं चाहते हैं की धरा पर राम राज्य स्थापित हो जाए तो राम राज्य की स्थापना केवल राम जी के नारे लगाने मात्र से रामराज्य की स्थापना नहीं हो सकती उसके लिए हम सभी को अपने जीवन में श्रीमद् भगवत गीता के अंदर जो जीवन को श्रेष्ठ बनाने की श्रेष्ठ धारणाएं बताई गई है उसे जीवन में आत्मसात करना होगा तभी हम सभी अपने जीवन में राम जी के आचरण को लाकर इस धरा पर राम राज्य स्थापित कर सकते हैं और रावण को हमेशा हमेशा के लिए खत्म कर सकते हैं ।



कथा के पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई कलश यात्रा में पीले वस्त्र में महिलाएं कलश धारण कर और फूलों से सुशोभित रथ में बीके भारती बहन सिविल लाइन राजयोग केन्द्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन और सतना से आए परमानंद महाराज जी विराजमान थे ।कलश शोभायात्रा को संबोधित करते हुए परमानंद महाराज ने कहा की सोच को सुलझाने के रूप में भगवत गीता सुनाई गई थी । यह हमारे कर्मों में बदलाव लाने की विधि सिखाती है जब तक हमारे अंदर आत्म भाव नहीं आएगा तब तक हम ईश्वर से नहीं जोड़ सकते ईश्वर से शक्ति लेनी है तो थोड़ा समय अपने लिए निकले और ईश्वर से अपना मानसिक संबंध जोड़े । गीता केवल ग्रंथ मात्र नहीं है गीता ज्ञान है संस्कृति है वैराग्य जीवन जीने की शैली है ।इस अवसर पर सौम्या रांधेलिया, लक्ष्मी जयसवाल, प्रीति गुप्ता, ममता गुप्ता, डॉक्टर सुनीता मिश्रा,पूजा राय,परमजीत,अंजना गुप्ता, केशव परौहा, रोहणी, नंदीलाल दादा , सुमन बहन नेहा नीतू सहित भाई बहनों का सहयोग रहा ।

### कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर ने निरीक्षण कर लिया जायजा

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बुधवार की देर शाम कृषि उपज मंडी पहरुआ स्थित स्ट्रांग रुम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी और एलईडी टीवी की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाये रखने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शहडोल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले की विधानसभा बड़वारा एवं खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विजयराघवगढ़, मुड़वारा और बड़वारा के मतदान में उपयोग की गई ईवीएम मशीन मतदान पश्चात कड़ी सुरक्षा के बीच कृषि उपज मंडी के अलग अलग स्ट्रांग रुम में सुरक्षित रखी गई हैं। इन मशीनों को स्ट्रांग रुम से मतगणना वाले दिन 4 जून को स्ट्रांग रुम से बाहर निकाला जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संसदीय क्षेत्र शहडोल एवं खजुराहो अंतर्गत शामिल जिले की चार विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपनी-अपनी विधानसभा के स्ट्रांग रुम का निरीक्षण प्रतिदिन करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा कार्यपालिक दंडाधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं।





स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों ने संभाल रखी है। स्ट्रांगरूम के पास किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है। वहीं स्ट्रांग रूम के भीतर और उसके चारों ओर की प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है।

### पार्टी पदाधिकारियों के साथ किया निरीक्षा

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने गुरूवार को कृषि उपज मंडी पहरूआ पहुंच कर सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की सुविधा के लिये मंडी परिसर में बड़ा पंडाल लगाया गया है। जिसमें एल ई डी स्क्रीन लगाई गई है इसमें स्ट्रांग रूम के दृश्य सहज दृष्टव्य है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हेतु सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। चौबीस घंटे निगरानी के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की डिप्युटी लगाई गई है। स्वयं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद भी नियमित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचते हैं।

## गांजा तस्करी के मामले में 15 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने गांजा तस्करी के मामले में आरोपी राजा यादव पिता बाबूलाल यादव 28 निवासी अर्जुनी थाना बिरसिंहपुर पाली उमरिया को 15 साल के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक केके पांडेय ने पैरवी की। इस मामले का दूसरा आरोपी जयप्रकाश सारथी पिता छींगालाल सारथी (32) निवासी गौरेला पेंड्रा बिलासपुर हाल वार्ड नंबर 13 पुरानी बस्ती अनूपपुर घटना दिनांक से फरार है। जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा अप्रैल 2023 में ही फरार घोषित कर स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा चुका है।

अभियोजन के अनुसार स्लीमनाबाद थाना में पदस्थ एसआई संतराम यादव ने 17-8-2022 को सैलारपुर के आगे कार से एक क्विंटल, 23 किलो, 300 ग्राम गांजा बरामद किया था। पुलिस को देखकर कार चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। कीचड़ में वाहन फंसने से उसका दरवाजा नहीं खुल पाया और आरोपी राजा यादव पकड़ा गया लेकिन दूसरा आरोपी वाहन चालक जयप्रकाश सारथी भागने में सफल रहा।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत विवेचना कर सैम्पल जांच के लिए आरएफएसएल सागर भेजा। मादक पदार्थ गांजा की पुष्टि होने पर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को मादक पदार्थ गांजा की तस्करी का दोषी पाते हुए उपरोक्तानुसार दंडादेश पारित किया।

## खबर संक्षेप

### मासिक-निरीक्षण आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में नवीन ई.व्ही.एम.-व्ही.व्ही.पी.ए.टी. वेयर हाऊस (डायमण्ड पार्क के बाजू से) दमोह का मासिक-निरीक्षण आज 03 मई की शाम 05 बजे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव की उपस्थिति में किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से समय, तिथि एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होने अथवा किसी प्राधिकृत पदाधिकारी/प्रतिनिधि को उपस्थित होने के लिये आग्रह किया है।

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित कार्यों की ली जानकारी



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज दोपहर में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर स्थल का मुआयना किया। इस मौके पर पुलिस चौकी बायपास की तरफ निर्माणाधीन बाउण्ड्रीबाल की प्रगति की जानकारी ली और पार्क के बाजू में बनने वाले वाहन शेड स्थल का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी प्रथम एवं विद्युत यांत्रिकी को संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कराए जाने के संबंध में भी निर्देशित किया है। समय सीमा में कार्य की पूर्णता के लिए प्रस्तावित कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### राजस्व न्यायालयों के लिए क्रय किए जाएंगे कम्प्यूटर

**पन्ना।** अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय द्वारा जिले के राजस्व न्यायालयों के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से कम्प्यूटर-प्रिंटर क्रय करने की सूचना जारी की गई है। प्रत्येक राजस्व न्यायालय के लिए 75 हजार रूपए की राशि के मान से 28-28 नग कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय करने के लिए जेम पोर्टल पर निविदा जारी की गई है। यह 4 मई को शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

### कुलगुरू पदनाम का करें उपयोग

**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा अधिसूचना जारी कर हिन्दी पत्राचार में कुलपति के स्थान पर कुलगुरू पदनाम का उपयोग करने के संबंध में अवगत कराया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग के 5 अप्रैल 2024 के पत्र के द्वारा म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (संशोधन) 2024 के अनुसार तथा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 75 दिनांक 11.03.2024 के बिन्दु-2 अनुसार कुलपति शब्द के स्थान पर अंग्रेजी में वाइस चांसलर तथा हिन्दी में कुलगुरू शब्द प्रतिस्थापित किया गया है।

### आचार संहिता में सचिव ने पोर्टल पर करा दिए बिल अपलोड

# विधायक निधि से स्वीकृत सीसी सड़क का कार्य नहीं हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पंचायती राज में ग्राम पंचायतों के ग्रामों की दशा सुधारने एवं हर ग्राम की गलियों में पक्की सड़क निर्माण कराने विभाग लाखो की राशि स्वीकृत कर ग्रामीणों की सुविधाओं पर तो खर्च करता है लेकिन इन्ही सुविधाओ को बनानें के पीछे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार वही लाखों की स्वीकृत राशि को अपना फायदा मानकर उसमें मनमर्जी से काम कराते नजर आते है और बगैर निर्माण कार्य को शुरू कराए ही नियम विरुद्ध तरीके से लाखों के बिल पहले ही सरपंच सचिव द्वारा डाल दिए जाते है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत हटा के अंर्तगत ग्राम पंचायत शिवपुर के अधीन आनें वाला ग्राम पुरैना खेड़ा का सामनें आया है जहां विधायक निधि से जिला मंडल योजना अंर्तगत मुख्य मार्ग से भामा बंजारा के घर की ओर सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य के लिए 3/10/2023में 13 लाख 79 हजार की राशि स्वीकृत की गई थी लेकिन 5 माह बीत जानें को परंतु जमीनी स्तर पर इसका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया जिसमें निर्माण एंजेसी के जिम्मेदारों द्वारा अपनी मनमानी के निर्माण कार्य कराया जा रहा है और इसे देखने वाले जिम्मेदार जनपद के अधिकारी भी आंखे मूंदकर ऐसी लापरवाही को बढ़ावा देने में लगे हुए है जिसके चलते निर्माण कार्य के नाम पर तो राशि आहरित करनें के लिए बिल पोर्टल पर अपलोड करा दिए गये लेकिन कार्य की शुरूआत अभी तक नहीं हो सकी।

### आचार संहिता में कैसे हो गए बिल अपलोड-

देखा जाए तो लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता 15 मार्च से लागू की गई थी उसके उपरांत किसी भी प्रकार से कोई नया काम या किसी भी प्रकार से निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाती मगर शिवपुर ग्राम पंचायत में देखनें को मिला जहां आचार संहिता लगनें के उपरांत ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा इस निर्माण कार्य के नाम पर मटेरियल के दो बिल अपलोड करा दिए गये जिसमें 99 हजार का बिल और 91 हजार 350 का बिल शामिल है जो सरासर नियम विरुद्ध सामनें आ रहा है।भले ही अपलोड कराए गये बिलो का भुगतान न हुआ हो परंतु आचार संहिता का घोर उल्लघंन सामनें देखा जा रहा है।

### पूर्व में हो चुका सीसी निर्माण कार्य

वहीं जिस सीसी निर्माण कार्य की स्वीकृति जिला मंडल योजना व विधायक निधि से स्वीकृत की गई है उस पर ग्रामवासी परसी बंजारा मिट्ठू पाल नंदू पाल कमलू पाल हिम्मत पाल सुनील पाल प्रमोद पाल आदि ने बताया कि पूर्व में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य विगत पंचवर्षीय में हो चुका है लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की आपसी सांठगांठ के चलते पुनः इसी मुख्य मार्ग से स्वीकृत सड़क करा ली गई लेकिन आज तक स्वीकृत सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया।

### इनका कहना है

आचार संहिता में नियम विरूद्ध तरीके से बिलों को अपलोड कराए जानें की जांच कराकर सरपंच सचिव पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**बीएस यादव**
**सीईओ जपं हटा**

# जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा ने वृद्धाश्रम में दैनिक उपयोगी वस्तुओं की किट प्रदान की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**दमोह** - भारतीय जैन मिलन के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा द्वारा स्थानीय वृद्ध आश्रम में रहने वाले वृद्ध जनों के लिए दैनिक उपयोग हेतु वस्तुओं की किट प्रदान की गई साथ ही श्री विद्यासागर गौशाला में गौवंश को गौ ग्रास खिला एवं टीकाकरण कराया गया। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा अध्यक्ष अरुण जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन 59 में स्थापना दिवस 2 मई को जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा द्वारा दमोह स्थित वृद्ध आश्रम में रहने वाली वृद्ध महिलाओं एवं वृद्ध पुरुष जनों के लिए दैनिक उपयोग हेतु विभिन्न वस्तुओं की किट प्रदान की गई महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग उपयोग हेतु किट बनाई गई थी जैन मिलन एक ऐसी समाज सेवी संस्था है जो भिन्न विभिन्न अवसरों पर समाजसेवी कार्य करती है। साथी साथी श्री विद्यासागर गौशाला में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा सदस्यों द्वारा गौशाला में संरक्षित गौ वंशों के लिए गौ ग्रास, दलिया की व्यवस्था की गई एवं सभी गौ वंश को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए डॉ जे के जैन और शशि भूषण श्रीवास्तव के द्वारा टीकाकरण कराया गया। पलंदी जैन मंदिर अध्यक्ष जितेंद्र जैन गुड्डू ने कहा कि भारतीय जैन मिलन संपूर्ण भारत में सेवा भाव के साथ कार्य करती है और इसी को चरितार्थ करते हुए जैन मिलन के स्थापना दिवस पर आज वृद्ध आश्रम में किटों का प्रदान किया गया है। स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघाई जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 मंत्री कविता ऋषभ जैन संयोजक, रश्मि आनंद अर्चना जैन जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा अध्यक्ष अरुण जैन, संजीव शाकाहारी, मंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष सचिंद्र जैन, अंजू जैन, महेंद्र जैन सोमखेड़ा, जिनेन्द्र उस्ताद, राजेश जैन ओशो, राजकुमार जैन तारण, शैलेंद्र सिंघई, शवन सिल्वर, संदीप जैन, संजय जैन बडे , संदीप मोदी अभाना, मनीष जैन आदिनाथ कंप्यूटर, विकल्प जैन, शैलेंद्र जैन बजाज, प्रमोद जैन बड़कुल, विनय जैन, अशोक कुमार जैन हॉस्पिटल, सुनील वेजीटेरियन सहित बड़ी संख्या में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा सदस्यों एवं जैन मिलन महिला शाखा की महिलाओं की उपस्थिति रही।

## सेवानिवृत्त संघ की बैठक कल

**हटा।** सेवानिवृत्त संघ तहसील शाखा हटा द्वारा शनिवार को बैठक का आयोजन अध्यक्ष पद हेतु किया जा रहा है। जवाहरलाल राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि विगत 6 अप्रैल को सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक गणेश पांडे का चयन बिना सूचना बैठक किए कर लिया गया जिस पर आपत्ति हेतु आवश्यक बैठक आयोजित शनिवार को गई है। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अध्यक्ष पद पर चयन के लिए किसी भी प्रकार की सूचना नहीं निकल गई जबकि वर्तमान में बद्री प्रसाद सोनी जो अध्यक्ष हैं उनसे किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई जबकि अध्यक्ष के रहते हुए दूसरे अध्यक्ष का उनके बिना अनुमति के चयन नहीं हो सकता। जबकि पांडे जी संघ के किसी भी कार्यक्रम में कभी न सम्मिलित हुए न सहयोग किया। बिना संघ की प्रक्रिया अपनाए अध्यक्ष पद पर चयन किए जाने सहित अन्य चर्चाओं को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण चौरसिया के मुख्य आतिथ्य मैं सेवानिवृत्ति संघ की बैठक मैं समस्त सेवानिवृत्त संघ के वरिष्ठ जनों से उपस्थित होने की अपील की गई।

## पुलिस ने की पन्ना नाके पर चालानी करवाई



**हटा।** सड़क दुर्घटना एवं उनमें होने वाली जनहानि को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी नितेश पटेल व थाना प्रभारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक रामकुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक रुपेश तिवारी अखिलेश तिवारी द्वारा दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट न धारण करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। जागरूकता अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में गुरुवार को नगर के पन्ना नाका पर बैरिकेट्स लगाकर वाहन चेकिंग की गई। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की विरुद्ध कार्यवाही कर 20 चालान बनाकर उनसे समन शुल्क वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाना, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाले वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दी गई। कौन है समझाया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें। वही पुलिस द्वारा पन्ना नाका पर चालानी कार्रवाई के दौरान पन्ना तरफ से आ रहे बाइक चालकों द्वारा सड़क पर पुलिस को देखकर चालानी कार्यवाही से बचने के लिए अपनी वाइक को खेतों में दुर्गम रास्तों से होते हुए पुलिस को चकमा देकर भागते हुए दिखाई दे रहे थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर जबेरा के भैया बहनों ने किया नगर को गौरवान्वित



**जबेरा।** मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2023- 24 में कक्षा पंचम से भैया शिवम साहू पिता हरगोविंद साहू ने 93% प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया भैया आदित्य पटैल पिता संतोष कुमार पटेल 88.75 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वतिय स्थान व भैया रूद्र नामदेव पिता रामेश्वर नामदेव 88.25 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा अष्टम से बहिन शुभी सैनी पिता मनोज कुमार सैनी ने 95.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम भैया हर्षित साहू पिता विनोद साहू ने 91.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वतिय स्थान व बहिन योग्यता गौंड पिता प्रताप सींग गौंड ने 89.33 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ कक्षा दशम से बहिन स्नेहा लोधी पिता मुरारी लोधी ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम बहिन मांशी सेन पिता रामेश्वर सेन ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा मानसी प्यासी पिता तीरथ प्यासी ने 92.80 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी भैया बहनों के बेहतर परिणाम के लिए सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा प्राचार्य रमेश कुमार साहू ने सभी भैया बहनों को उपहार देते हुए व मिष्ठान से मुंह मीठा कराते हुए, ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय माधव शिक्षा समिति अध्यक्ष रूपेश सेन, व्यवस्थापक रविशंकर बाजपेई , कोषाध्यक्ष बेनी प्रसाद नामदेव व समस्त सदस्यों द्वारा प्राचार्य व समस्त आचार्य परिवार के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया गया।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस दमोह आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी केशव प्रसाद गांधी द्वारा आबकारी वृत 'ब' के अंतर्गत पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास और जबलपुर नाका में दाल मिल के पास अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 1200 किलोग्राम महुआ लाहन विधिवत जप्त किया गया। इस दौरान कुल 4 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। जप्त सामग्री के अनुमानित कीमत 1 लाख 25 हजार रुपये है। कार्यवाही में वृत हटा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनुरोध सेन, वृत 'ब' प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गोंड, आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडे, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह एवं महिला आबकारी आरक्षक गीतांजलि गुप्ता, मेघा अहिरवार सहयोगी रहे।

## कृष्ण जन्म की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

**दमोह।** नगर के पंचवटी सिद्धि धाम मंदिर में उपाध्याय परिवार द्वारा आयोजित श्री मद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्मोत्सव की कथा में कथा व्यास संत श्री प्रभूदास जी महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया इसके बाद धूम धाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया ,कथा व्यास प्रभुदास जी महाराज ने बताया कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया कथा व्यास ने बताया कि संसार एक कुएं की तरह है बाहर रहकर अपनी जरूरत की चीज निकलते रहिए संसार में भगवान ही सबका भला चाहते हैं। आज इंसानों में इंसानियत समाप्त होती जा रही है। गुस्सा आता नहीं गुस्सा लाया जाता है। जहां झूठ की जरूरत नहीं वहां झूठ नहीं बोलना चाहिए। ऐसे कई सुवचन से लोग शराबोर होते दिखे। उन्होंने कहा कि मोह माया रुपी विवाह भोगों का उपभोग है। जीव हो अच्छा भोजन नाक को सुगंध अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि तृप्ति चाहिए तो त्याग करना होगा। आज 80% लोग दुखों का कारण स्वयं है। हमें भक्ति में माहौल में रहना चाहिए और हर हमेशा लोगों के दुख में साथ देना चाहिए तभी हम मोक्ष पा सकते हैं। 7 दिनों तक चलने वाला यह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान के चौथा दिन और पुस्पंजलि कर प्रसाद वितरण किया जिसमे पंचवटी सिद्ध धाम मंदिर समिति के सदस्य दीपक कटारे चौहान बाबू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पथरिया थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 27.04.2024 को प्रार्थी टीकाराम पटेल पिता चोखेलाल पटेल उम्र 37 साल निवासी पथरिया ने आरोपी नारायण बसोर और माधव बसोर दोनो निवासी पथरिया के विरूद्ध शराब पीने के लिये 100/- रूपये मांगे थे जो प्रार्थी के व्दारा मना करने पर आरोपी नारायण बंसल के व्दारा जान से मारने के लिये बल्लम से एवं आरोपी माधव बंसल के व्दारा लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया था जिसका प्राथमिक उपचार प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पथरिया के कराया गया था, जहां डाक्टर व्दारा प्रार्थी को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल दमोह रिफर किया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी नारायण बसोर व माधव बसोर के विरूद्ध अपराध धारा 294, 327, 307, 34 भा.द.वि. कायम किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा आरोपीगणों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा व एसडीओपी पथरिया रघु केसरी के मार्ग दर्शन में विशेष टीम का गठन कर हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर दि. 02.05.2024 को आरोपी नारायण बंसल पिता हरिराम बंसल उम्र 56 वर्ष नि. पथरिया को मान. न्यायालय पेश किया गया । सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी थाना प्रभारी पथरिया निरीक्षक सुधीर कुमार, उनि डी. पी. साहू, प्रआर. वीरेंद्र, प्रआर. संदीप कुशवाह, प्र0आर0 भगत सिंह, प्र.आर सौरभ टंडन, प्र0आर. राकेश अठ्या (सायवर सेल), आर. रामसिंह ठाकुर, आर. विक्रम राठौर आर. देवेन्द्र ठाकुर, आर.शुभम नामदेव, आर.ओमप्रकाश, आर. मोहन साहू का विशेष योगदान रहा।

## भगवान शिव ने सुनाई माता पार्वती को अमर कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




केशव नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा दूसरे दिन पंडित सुधीर शास्त्री ने कहां भगवान शंकर ने माता पार्वती को अमर कथा सुनाई है कथा सुनने से पहले शिव ने पार्वती से कहा मैं जैसे ही कथा सुनाता जाऊं आप बीच - बीच में ओम बोलते जाइए और शिव कथा सुनाने लगे कथा सुनते सुनते माता पार्वती की आग लग गई वहां बैठे बट वृक्ष पर तोता कथा सुनता रहा और ओम शब्द का उच्चारण करता रहा जैसे ही 12 वीं कथा शिवजी कर रहे थे तभी माता पार्वती आंख खुल गई माता ने कहा आप कब से राजा रानी की कथा सुना रहे हैं भगवान समझ गए की पार्वती की आंख लग गई थी तभी वहां शिवजी ने देखा एक तोता शिव की कथा सुन रहा है ओम शब्द का उच्चारण कर रहा है यह देखकर शिवजी बहुत प्रसन्न हुए तब शिवजी ने तोते को अमृता का वरदान दिया शास्त्री ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम ही है सब कुछ है सतयुग त्रेता द्वापर में मनुष्य को भारी तपस्या करके वरदान प्राप्त होते थे लेकिन कलयुग में केवल भगवान का नाम स्मरण करने से इस लोक के साथ साथ परलोक भी सुधर जाएगा इसलिए मनुष्य को जितना भी समय मिले जब भी समय मिले भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए आप खाना बना रहे हैं कोई अन्य कार्य कर रहे हैं महिलाओं के लिए कहा समय की कोई पाबंदी नहीं है आपको जब समय मिले भजन करते करते आपका खाना कब बन जाएग आपको पता ही नहीं चलेगा इस तरह भी आप भगवान भजन कर सकते हैं।

### कक्षा 5 वीं और 8 वीं के जन शिक्षक, बीआरसी, बीएसी और अधिकारियों की समीक्षा बैठक मे दिये दिशा निर्देश

## विद्यार्थियों को और सघनता के साथ पढ़ाने का अभियान चलाया जायेगा-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कक्षा 5 वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम कुछ हद तक संतोष जनक नहीं रहे हैं, असंतोष जनक परीक्षा परिणामों की समीक्षा के लिये दो बैठकें आयोजित की गई है, पहली बैठक कक्षा 5 वीं और 8 वीं के जन शिक्षक, बीआरसी, बीएसी आदि सभी अधिकारियों आज दोपहर संपन्न हुई। बैठक में जो परीक्षा परिणामों में जो फेलीयर रेट रहा है उसको लेकर बहुत गंभीरता से और बहुत गहराई से समीक्षा की गई और समीक्षा के बाद एक विस्तृत रणनीति बनाई गई है, जिसके माध्यम से स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र में हम पढ़ाई को अंजाम देना है। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा दो तरफा रणनीति है जो 5 वीं और 8 वीं में विद्यार्थी फेल हुये है, उन विद्यार्थियों को अभी एक अवसर और मिलेगा, जून तक उनमें से अधिकांश विद्यार्थी पढ़ाई करके उनके ब्रिज कोर्स के माध्यम से सफलता प्राप्त करें यह हमारा पहला ऑब्जेक्टिव है। इसके लिये मई महीने में लगातार क्लासेस लगाई जायेंगी और इन विद्यार्थियों को और सघनता के साथ पढ़ाने का अभियान चलाया जायेगा। फिर जब 15 जून से शालाएं प्रारंभ हो जायेंगी, तब से हम एक विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम शुरू करेंगे, जिसमें टीचर्स की उपस्थिति एप के माध्यम से लेने की बात है, हर माह विद्यार्थियों के टेस्ट लेने की बात है, हर महीने विद्यार्थियों की टेस्टिंग होगी, कोर्स दिसम्बर तक पूरा कर लिया जायेगा, उसके बाद रिवीजन होगा, जो विद्यार्थी किसी विशेष विषय में कमजोर है उनकी एक्ट्रा क्लास लीं जायेंगी। इस तरह के तमाम निर्णय लिये गये है और यह भी तय किया है कि प्रतिमाह मैं इसकी मॉनीटरिंग की जायेगी। लगातार इसकी मॉनीटरिंग करके सुनिश्चित किया जायेगा, जो अच्छा काम कर रहें है उनको पुरूष्कृत किया जायेगा और जो लोग बिल्कुल भी ठीक से काम नहीं कर रहें है उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। यह सारे रणनीति के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि अगले शैक्षणिक सत्र में 5 वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं इन सभी के रिजल्ट में एक बार फिर से प्रदेश के टॉप 10 जिलों में शामिल होंगे ।

### खबर संक्षेप

## भगवान मुनि सुब्रतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव आज

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान श्री मुनिसुव्रतनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव 3 मई को आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चतुर्विध संघ के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा ,पूजन ,विधान होगा ।श्री जी का पालना झुलाया जाएगा । आचार्य श्री की पूजन, मुनि श्री के प्रवचन ,मुनि आर्यिका संघो की आहार चर्या होगी। सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना ,पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी।

## गर्मी के इस मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखें-कलेक्टर

**दमोह।** गर्मी के मौसम को देखते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से अपनी सेहत का ध्यान रखने के साथ अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दमोह में इस समय लगभग 42 डिग्री तापमान लगातार चल रहा है और बहुत तेज गर्मी हो रही है, गर्मी के इस मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखें, अपना ध्यान रखें, आवश्यकता होने पर ही धूप में घर से बाहर निकले, सुबह और शाम का वक्त बाहर निकालने के लिए ज्यादा उपयुक्त है, उस समय का उपयोग करें, खूब पानी पियें और शरीर को हाइड्रेटेड रखें, ताकि किसी प्रकार की मौसमी बीमारियों का सामना न करना पड़े। अपने साथ में हमेशा टॉविल या गमछा रखें, टोपी पहनें ताकि गर्मी के प्रकोप से बच सके। उन्होंने कहा आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना ।

## सीमांकन अभियान के पहले दिन 56 सीमांकन हुए

**दमोह।** पूरे जिले में सीमांकन महाअभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 15 जून तक लगातार जारी रहेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा लगातार हमारे यहां पर तेजी से सीमांकन हो रहे है। हमने सबसे पहले उन प्रकरणों को लिया है, लगभग एक से डेढ़ हजार प्रकरण है जो सीएम हेल्पलाइन, दमोह हेल्पलाइन या तहसील कार्यालयों में, एसडीएम कार्यालयों में सीमांकन के आवेदन लंबित है, उन सभी का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा। उन्होंनें सभी से आग्रह करते हुये कहा है कि जिनके भी सीमांकन के केस लंबित है उनका निराकरण करा लें, इस अभियान में सभी का सहयोग एक बार फिर आपेक्षित है। श्री कोचर ने बताया सीमांकन अभियान के पहले दिन 56 सीमांकन हुए।

### कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही संयुक्त कार्यवाही

# 6 स्थानों पर बिना डिग्रीधारी झोलाछाप डॉक्टर्स पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पथरिया में 6 स्थानों पर बिना डिग्रीधारी झोला छाप डॉक्टर्स पर कार्यवाही से हड़कंप.. दमोह जिले में बिना डिग्रीधारी डॉक्टर्स ;झोला छाप द्वारा मरीजों का इलाज किये जाने पर जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें मिलने से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने टीम गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में पथरिया में एक बड़ी कार्यवाही की गईए यहां 6 स्थानों पर कार्यवाही हुई जिसमें एक नर्सिंग होम की शक्ल के अस्पताल में 20 से 30 मरीज मिले एसडीएम] बीएमओ और अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अनाधिकृत रूप से डॉक्टरी की प्रेक्टिस कर रहे जिसको हम आम बोलचाल की भाषा में झोलाछाप डॉक्टर कहते है उनके खिलाफ कुछ शिकायतें आ रहीं थीं यह भी शिकायत आ रही थी कि उनके द्वारा मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके लिये विकास खण्डवार टीम का गठन किया गया है। दमोह हेल्पलाइन नंबर पर भी लोगों से आग्रह किया गया था कि इस संबंध में यदि कोई जानकारी हो तो दी जाये। यह जानकारी लोगों से गोपनीय तौर पर मिलीए उस जानकारी के आधार पर बीते दिन तेदूखेड़ा में एक कार्यवाही की थी जिसमें एफआईआर दर्ज की गई है और उनकी क्लिनिक को बंद किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया पथरिया में लगभग 06 स्थानों पर कार्यवाही हुई हैए जिसमें से एक बड़े नर्सिग होम की शक्ल का भी अस्पताल बना हुआ हैए जिसमें लगभग 20 से 30 मरीज थे एसडीएम और बीएमओ और अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की है। उन्होंने कहा दमोह हेल्पलाइन को भी इसके लिए ओपन कर दिया गया है ताकि लोग गोपनीय रूप से बिना अपना नाम लिए शिकायत दर्ज करा सकते हैं। भविष्य में जब भी ऐसी कोई शिकायत मिलेगी तो तत्परता से कार्यवाही की जायेगी और लगातार ऐसी कार्यवाहियां जारी रहेंगी। कलेक्टर श्री कोचर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा ऐसे मामलों में दमोह के नागरिक बहुत सतर्क और जागरूक हैए हमें लगातार नागरिकों से ऐसी सूचनाएं मिलती है तो हम उस पर त्वरित कार्यवाही करने का प्रयास करते है और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा यदि आपके आस.पास शिकायत का स्त्रोत है जिससे आपको यह पक्की जानकारी है कि यह बिना डिग्री के डॉक्टरी का काम कर रहे हैं तो कृपया करके दमोह हेल्पलाइन पर हमें अवश्य सूचित करें हम कड़ी कार्यवाही करेंगे।

## सिगोरगढ़ किले के पास पेड़ से शव लटकता मिलने से सनसनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जबेरा थाना के सिंग्रामपुर चोकी क्षेत्र अंतर्गत रानी दुर्गावती अभ्यारण मे सिगोरगढ़ किले कि समाने बाली पहाड़ी पर पेड़ से लटका सब मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । सिंग्रामपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय ने बताया कि सिगोरगढ़ बीट टीम गश्त कर रही थी जिस दौरान एक व्यक्ति का सब पेड़ से लटका हुआ मिला। जिसकी सूचना सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी दी गई । कुछ दिन पूर्व एक अज्ञात गाड़ी भी यहा से प्राप्त हुई थी जिसकी सूचना अभी पुलिस को दी गई थी। सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया कि वन विभाग से सूचना प्राप्त हुई सिगोरगढ़ किले के पहले समाने पहाड़ी पर एक शव पेड़ से लटका हुआ है जिसकी शिनाख्त 42 वर्षीय नीतीश पिता राज सिंह राजपूत आधारताल जबलपुर निवासी की हुई है । मौके पर परिजन पहुंचकर सबकी शिनाख्त कि मर्ग कायम कर पीएम के लिए जबेरा पहुंचा गया ।

### दो माह पहले बना दिया मशीन से परकुलेशन टैंक

## मस्टरोल डालकर मजदूरी की राशि हड़पने का चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जंप जबेरा की अधिकांश ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य पहले तो मशीनों से करवा लिए जाते है फिर मजदूरों की मजदूरी हड़पने का खेल फर्जी मस्टरोल डालकर बदस्तूर जारी है। मामला है जंप जबेरा की ग्राम पंचायत परासई का जहां दो 2 महीने पहले टोरिया मोहल्ला मैं परकुलेशन टैंक का निर्माण कार्य मशीनों से करवाकर अब फर्जी मस्टरोल डालकर मजदूरों की मजदूरी हड़पने का कार्य सरपंच सचिव रोजगार सहायक के द्वारा किया जा रहा है। जिसमे टोरिया मुहल्ले में जहां परकुलेशन टैंक निर्माण में 40 मजदूर कार्य करने का मस्टरोल डाला गया। लेकिन मौके पर एक भी मजदूर काम नहीं कर रहा है सिर्फ कागजों पर मस्टरोल जनरेट करके मजदूरों के हक पर डांका डाला जा रहा है और मनरेगा योजना में यह फर्जीवाड़ा उपयंत्री की मिली भगत से सरपंच सचिव के द्वारा किया जा रहा है। मस्टरोल जारी करने का काम करने वाले रोजगार सहायक राजेश सिंह से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उनका कहना था। मजदूर तो काम करते है मेड हजारी डालते है। आज हम मौके पर नहीं पहुंचे पंचायत में काम करते रहे हो सकता है। मजदूर काम पर नहीं गए हो मनरेगा का काम कहां फेयर मजदूरों से होता इसी तरह से पूरी जंप में चलता है।

## रेफरी चयन प्रक्रिया में इमरान ने पाई सफलता



मध्य प्रदेश फुटबाल संघ के दिशानिर्देश पर दिनांक 28 से 30 अप्रैल तक रेफरी चयन प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमे प्रदेश भर से प्रतिभागी शामिल हुए। जिला फुटबाल संघ से इमरान शामिल हुए जिन्होने भाग लेने की पात्रता हासिल की। तीन दिनो तक परीक्षा के विभिन्न चरणो मे सफलता हासिल की। फुटबाल हॉकी संघ संयोजक विकास जैन ने बताया कि लगातार दूसरे वर्ष दमोह से रेफरी परीक्षा मे सफलता प्राप्त की। इमरान की उपलब्धी पर पूर्व मंत्री जयंत मलैया, डा अजय लाल, हरिशंकर, राजेश भगवान सिह, कफील, विजय, किशन, फैयाज, उमेश, असार, तरुण विवियन, अरमान, यशवंत आदि ने शुभकामनायें दी।

## नालों की सफाई का लिया जायजा

**दमोह।** नगर को साफ-स्वच्छ और सुंदर रखने के लिये लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है, बरसात के मौसम में पानी का भराव न हो इस दृष्टि से नाले-नालियों की सफाई की जा रही है, इसी के मद्देनजर आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नगर के कीर्ति स्तंभ से रेल्वे स्टेशन तक एवं केन्द्रीय विद्यालय के सामने वाले नाले की सफाई का जायजा लिया



और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा धाकड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा अच्छा कार्य करने वाले नगर पालिका कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सफाई अभियान को दमोह से शुरू किया था, अब सभी नगरीय निकायं मे शुरू किया जा रहा है, 5 मई तक सभी नगर परिषदें और नगर पालिकाएं अपने सारे स्थान चिन्हांकित कर उन चिन्हांकित स्थानों पर प्रतिदिन 8 बजे के पहले सफाई सुनिश्चित करेंगे। इसी श्रृंखला में तेंदूखेड़ा में भी ऐसे स्थान चिन्हित करके सफाई प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा चाहे वह दुकानदार हो, चाहे आवासीय क्षेत्र में रहने वाले लोग हो, कॉलोनी में रहने वाले लोग हो सभी से आग्रह है नालियों में कचरा बिल्कुल भी ना डालें, कचरे को डस्टबिन में डालिए। यदि नालियों में कचरे को डालेंगे तो यह नालियां फिर से वैसे ही भर जाएंगे जैसे कि पहले भरी हुई थी। कलेक्टर श्री कोचर ने नागरिको से कहा इसमें प्रशासन का सहयोग करिये और नाली में बिल्कुल भी कचरा ना डालें, ताकि हम आगे आने वाली वर्षा ऋतु में जल भराव की स्थिति को नियंत्रित कर सकें और सड़कों पर बिल्कुल भी पानी न भरे।

## अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक-प्राचार्य होंगे सम्मानित-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है प्रतिमाह माता-पिता के साथ स्कूलों में पेरेंट्स टीचर मीटिंग होगी। जिला परियोजना समन्वयक प्लान कर सभी स्कूलों को दे। उन्होंने कहा जिला परियोजना समन्वयक एक सेल बनाएं उसके माध्यम से स्कूलों की मॉनिटरिंग की जाएगी। 1 जून से नया सत्र शुरू होगा। कलेक्टर ने जिला परियोजना समन्वयक और जिला शिक्षा मिशन के अधिकारियों से कहा कि शाला त्यागी बच्चों को शाला में लाने स्कूल वाइज कैसे वापस ला सकते हैं प्लान बनाएं साथ ही उन्होंने कहा स्कूलों में आवश्यकता से अधिक और जहां आवश्यकता से कम शिक्षक है प्लान कर व्यवस्थित किया जाए। कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा नॉन टीचिंग कार्यों में लगे शिक्षकों को



वापस स्कूल भेजा जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति होगी। उन्होंने कहा हर शिक्षक टीचिंग टाइम में स्कूल में उपस्थित रहेगा सभी को सार्थक एप में लेकर आया जाएगा। अगले शिक्षण शास्त्र से शिक्षकों की उपस्थिति इसी ऐप से होगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले के सभी स्कूलों में टाइम टेबल से पढ़ाई हो, इसकी मॉनिटरिंग होगी इस शिक्षण सत्र से व्यवस्था शुरू होगी। कलेक्टर ने कहा वह स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा समय सीमा में टाइम टेबल बनाया जाए और सभी स्कूलों में टाइम टेबल 1 जून से बना लिया जाए और उस अनुसार पढ़ाई कराई जाये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आयोजित समीक्षा बैठक में कहा हर स्कूलों में अब मासिक, त्रैमासिक और छह मासिक परीक्षा ली जाएगी। पेपर एक जैसे जिला स्तर से सेट होंगे परीक्षा की मॉनीटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा 31 दिसंबर तक कोर्स पूर्ण करना है, प्लान तैयार कर लिया जाये। उन्होंने कहा दिसंबर के बाद रिवीजन पढ़ाई शुरू होगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा स्कूलों की पढ़ाई की रेगुलर मॉनीटरिंग की जाएगी इस हेतु जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को आदेशित किया जाएगा वह निश्चित तिथियों में जाकर स्कूल चेक करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि जिले के स्कूलों में हर माह में पालक शिक्षक मासिक मीटिंग हुआ करेगी। श्री कोचर ने कहा इन मीटिंगों में वे भी शामिल होंगे। सभी स्थानों पर तिथि एक ही रहेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि पढ़ाई गुणवत्ता युक्त हो यह सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। अच्छा काम करने वाले शिक्षकों-प्राचार्यो को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा शिक्षा के काम में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। साथ ही उन्होंने कहा नकल नहीं होगी, नकल पाए जाने पर एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने जिला परियोजना समन्वयक से कहा शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जाए जिले के अलावा अन्य स्थान से प्रदेश में जहां अच्छा परिणाम आया है शिक्षकों को आवश्यक होने पर वहां भेजा जाए कलेक्टर ने कहा अच्छा परिणाम देने वाले स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनर्स बनाएं। उन्होंने कहा कमजोर बच्चों पर विशेष फोकस रखा जाए आवश्यक होने पर बच्चों की अतिरिक्त क्लास भी लगाई जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने स्किल, देश भक्ति, योग, शारीरिक शिक्षा जैसी बातें टाइम टेबल में शामिल किए जाने के निर्देश दिए।

## दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**बनवार।** नोहटा थाना अंतर्गत एक 19 वर्षीय बालिका के गुमने कि सूचना दर्ज की गई जांच के दौरान गुमशुदा जिला कटनी से नोहटा पुलिस के द्वारा दस्तयाब की गई जिसके द्वारा बताया गया कि गांव के ही एक व्यक्ति अरविंद उर्फ बाटला पटेल शादी का झांसा देकर उसे मोटरसाइकिल से भगा ले गया था। जहां पर कटनी में ले जाकर तीन दिन तक गलत काम किया और बाद में जब पीड़िता को पता चला कि की वह शादीशुदा है। पीड़िता की कथनों के आधार पर युवक के खिलाफ अपराध क्रमांक 258/24 धारा 366,376, 376 (2) (एन) भा दं वि की कायमी की गई। प्रकरण संवेदनशील होने से पुलिस अधीक्षक श्रतकीर्ति सोमवंशी दमोह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा द्वारा प्रकरण के निराकरण हेतु निर्देशित किया जा रहा था। एसडीओपी तेंदूखेड़ा डीएस राजपूत द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे जिसके चलते थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई जो की कायमी के 24 घंटे में आरोपी अरविंद उर्फ बाटला पटेल 31 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर कटनी से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद सिंह, सहायक उप निरीक्षक माधव राय, अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दुबे, हर्ष पाठक, प्रदीप तिवारी, आरक्षक प्रमोद रविंद्र प्रजापति, आरक्षक चालक अनिकेत, महिला आरक्षक पूनम रैकवार, अर्पण पाठक एवं साइबर सेल टीम की अहम भूमिका रही।

## अभाना की छात्राओं ने शाला को गौरवान्वित



**दमोह।** हाई स्कूल परीक्षा में शासकीय कन्या हाई स्कूल अभाना की मेधावी छात्रा कु. भारती लोधी पिता बाबू सिंह लोधी ने 88 प्रतिषत अंक प्राप्त शाला में प्रवेष स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवांवित किया है। छात्रा त्रिवेणी काछी ने 87 प्रतिषत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्राओं भारती और त्रिवेणी ने सभी विषय में विषेष योग्यता प्राप्त कर अनूठी उपलब्धि हासिल की है। छात्रा साक्षी लोधी ने 81 प्रतिषत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शाला में 12 छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। इस उपलब्धि पर शाला परिवार ने स्मृति चिन्ह देकर श्रेष्ठ योग्यता प्राप्त छात्राओं का सम्मान किया। कर्मठ प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और कहा कि ये बेटियाँ शाला की आईकॉन हैं। इसका श्रेय शाला में शैक्षणिक वातावरण और समर्पित शैक्षिक स्टॉफ को है जिस कारण शाला को यह गौरव मिला है। अभाना क्षेत्र में बेटियों की सफलता पर हर्ष का वातावरण है। सरपंच गोविंद सिंह ने छात्राओं को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

## संस्कारों का उत्सव है निसई का बाल शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई जी सूखा में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 2 मई से 8 मई तक चलने वाले संस्कार शिविर में कार्यक्रम के प्रथम दिन ध्वजारोहण के साथ मंदिर विधि की गई। इसके पश्चात सभी शिवरात्रियों को सौरभ जैन सुरेंद्र जैन महेंद्र जैन सुशील जैन विनय जैन परिवार द्वारा पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। शिविर संयोजक श्री भूपेंद्र जैन ने बताया कि यह निसई का शिविर संस्कारों का एक महान उत्सव है जो लगातार 11 वर्ष से अनबरत जारी है। इस शिविर में 5 वर्ष से 15 वर्ष के लगभग 250 से अधिक शिविरार्थी भाग लेते हैं जो 7 दिन तक तीर्थ क्षेत्र पर आवासीय शिक्षण शिविर में भाग लेते हैं। सभी व्यवस्थाएं तीर्थ क्षेत्र कमेटी एवं दानदाताओं के सहयोग से निशुल्क रहती हैं। प्रातः जागरण के साथ प्रभात फेरी ध्यान योग व्यायाम के बाद प्रतिदिन मंदिर विधि एवं 6 कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। जो बाल ब्र. अमित भैया, दीदी अर्चना जी, श्वेता दीदी नवीन जैन संकेत जैन अमरवाड़ा ली जाती है। जिसमें संस्कार के साथ- सदाचार शिष्टाचार आदि व्यावहारिक चीज इन बच्चों के लिए पढ़ाई जाती हैं। शिविर में तीर्थ क्षेत्र के मंत्री श्री के सी जैन, भागचंद जैन, शरद जैन, सोनू प्रशांत जैन, जिला अध्यक्ष युवा परिषद वीरेंद्र जैन, रमेश जैन, मयंक जैन, राहुल जैन, संगीत जैन, कैलाश जैन, नितिन जैन, दयाचंद जैन, दिनेश जैन, अभिषेक जैन गुगरा, अजय जैन, बटियागढ़ प्रदीप जैन, मैनेजर संयम जैन, अभिनंदन जैन सहित समस्त युवा साथियों का सहयोग रहता है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खुरई बिना गंजबासोदा , सागर , भोपाल, फुटेरा कुम्हारी पथरिया, बटियागढ़ , मंगरोन ,दमोह पटेरा ,तेंदूखेड़ा तेजगढ़ आदि स्थानों से आए बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाती है।

## जैन मिलन के स्थापना दिवस पर मरीजों को बांटे फल

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये बीएमाओ का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुण्डलपुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा पहुंचकर 50 से अधिक मरीजों को फल वितरण किये गये। शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज व पूरी टीम ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें देने वाले बीएमओ डॉ अशोक बरोनिया का शाल श्रीफल के साथ माला पहनाकर उनका पुरजोर स्वागत किया। इस अवसर पर समूचा स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने डॉ बरोनिया का सम्मान कर उनकी खुलकर सराहना की। डॉ बरोनिया ने कहा कि यह सम्मन उन्हे कर्तव्य के प्रति और भी सचेत करता है। बीईओ श्री तंतुवाय ने आभार माना। नईमुद्दीन व अमित सहित कर्मचारियों का सहयोग रहा। इस अवसर पर मिलन शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, मंत्री महेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र राही, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र बजाज, मनोज सेठ, स्वतंत्र जैन, पंकज जैन, अमित जैन, अतुल चौधरी, निर्मल जैन सहित सदस्यगण शामिल रहे।

